पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रन्थमाला : 73

प्रधान सम्पादक
प्रो० सागरमल जैन

श्रीसोमप्रभाचार्य विरचित

श्रृंगारवैराग्यतरंगिणी

अनुवादक
मुनि अशोक

सम्पादक
डॉ० अशोक कुमार सिंह

पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी - ५

पार्श्वनाथ विद्यापीठ ग्रन्थमाला सं० ७३

सोमप्रभाचार्य विरचित

शृंगारवैराग्यतरङ्गिणी

नन्दलाभकृत टीकासह

भूमिका
प्रो० सागरमल जैन

सम्पादक
डॉ अशोक कुमार सिंह

अनुवादक
पं. अशोक मुनि

पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी-५
१९९५

प्रकाशक—
पार्श्वनाथ विद्यापीठ
आई. टी. आई. रोड
पो० आ० : बी० एच० यू०
वाराणसी, २२१००५
दूरभाष- ३११४६२

प्रथम संस्करण- १९९५

मूल्य— रु० ५०.००

मुद्रक :
वर्द्धमान मुद्रणालय
जवाहर नगर
वाराणसी- २२१०१०

प्रकाशकीय

निवृत्ति प्रधान जैन आचार्यों की यह विशेषता रही है कि उन्होंने श्रृंगारिक वर्णनों को भी वैराग्य की दिशा में मोड़ दिया है। इस प्रकार की कृतियों में वृहद्गच्छ के सोमप्रभाचार्य की श्रृंगारवैराग्यतरङ्गिणी एक प्राचीन और अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कृति है। प्रस्तुत कृति पर संस्कृत भाषा में तो टीकाएँ उपलब्ध थीं किन्तु हिन्दी में उनका कोई अनुवाद उपलब्ध नहीं होने के कारण जन-साधारण उनकी इस कृति का लाभ नहीं उठा पाते थे।

जैन विद्या के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों के अनुवाद-योजना के अन्तर्गत हम इस कृति को हिन्दी में अनुवादित करवाकर प्रकाशित कर रहे हैं। इस कृति का अनुवाद युवा जैन श्रमण श्री अशोक मुनि जी ने किया है। अशोक मुनि जी संस्कृत व्याकरण के अध्ययन के निमित्त लगभग ३ वर्षों तक पार्श्वनाथ विद्यापीठ में विराजित रहे और इसी क्रम में उन्होंने डॉ० श्री ब्रह्मानन्द चतुर्वेदी के मार्ग दर्शन में इस लघु किन्तु महत्त्वपूर्ण कृति का हिन्दी अनुवाद किया था। इस अनुवाद के संशोधन और सम्पादन में विद्यापीठ के शोधाधिकारी डॉ० अशोक कुमार सिंह का भी महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।

यह कृति पर्याप्त समय से छपकर तैयार थी किन्तु भूमिका के अभाव में उसका प्रकाशन सम्भव नहीं हो पा रहा था। विद्यापीठ के निदेशक प्रो० सागरमल जैन ने इसकी भूमिका लिखकर ग्रन्थ को पूर्णता प्रदान की। इस सहयोग के लिए हम इन सभी विद्वानों के आभारी हैं। ग्रन्थ का मुद्रण वर्द्धमान मुद्रणालय, भेलूपुर ने किया है अतः उसके प्रति भी आभार व्यक्त करते हैं। अन्त में हम विद्वानों व पाठकों से यह अपेक्षा रखते हैं कि वे कृति का रसास्वादन कर अपने अभिमतों से हमें अवगत करायें।

वैशाख शुक्ला तृतीया
संवत् २०५२

भवदीय
भूपेन्द्र नाथ जैन
मन्त्री
पार्श्वनाथ विद्यापीठ

भूमिका

साहित्य के क्षेत्र में रस का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है । किसी भी साहित्यिक ग्रन्थ की मूल्यवत्ता उसकी रसाभिव्यक्ति पर ही निर्भर करती है। वैसे तो साहित्य के क्षेत्र में नौ रसों की चर्चा उपलब्ध होती है, किन्तु उनमें प्रधानता शृंगार रस को ही दी जाती है। जैन आगमों में अनुयोग-द्वार सूत्र में भी इन्हीं नौ रसों की चर्चा मिलती है, किन्तु शृंगार को उसमें तिरस्कार की दृष्टि से ही देखा गया है और प्रधानता शान्त रस (वैराग्य) को ही दी गई है । फिर भी न केवल प्रवृत्तिमार्गी परम्परा के साहित्य में अपितु निवृत्तिमार्गी परम्पराओं के साहित्य में भी किसी-न-किसी रूप में शृंगार रस की अभिव्यक्ति हुई है । यह तो स्पष्ट है कि शृंगार रस, जन सामान्य को अपनी ओर आकर्षित करता है और शृंगार रस प्रधान कृति पाठक को विशिष्ट आनन्द प्रदान करती है। इसलिए निवृत्तिमार्गी और प्रवृत्तिमार्गी-दोनों ही परम्पराओं की साहित्यिक कृतियों में व्यक्त और अव्यक्त रूप में शृंगार रस की अभिव्यक्ति हुई है।

जैनधर्म निवृत्तिमूलक, वैराग्य प्रधान श्रमण संस्कृति का धर्म है। अतः उसमें सदैव ही शान्त रस या वैराग्यभाव को प्रधानता मिली है। किन्तु यह भी सत्य है कि शृंगार और वैराग्य मानवीय अस्तित्व के दो परस्पर विरोधी छोर हैं। एक व्यक्ति को भोग की दिशा में प्रेरित करता है तो दूसरा उसे त्याग की दिशा में, किन्तु मानव को मानव रहने के लिए भोग और त्याग दोनों अपेक्षित हैं । दूसरे यह भी सत्य है कि शृंगारपरक रचनाओं में जनसाधारण की जो आकर्षण क्षमता होती है, वह वैराग्यपरक रचनाओं में नहीं होती । अतः निवृत्ति प्रधान जैन संत कवियों को भी पाठक को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए अपने काव्यों में शृंगार रस की सृजना करनी पड़ी। दूसरे, शृंगार जीवन का यथार्थ है, जबकि वैराग्य एक ऐसा आदर्श है जिसे आत्मसात करने का उपदेश भी यथार्थ के धरातल पर खड़े हुए व्यक्ति को ही देना है। व्यक्ति की समस्या यह है कि वह न तो यथार्थ की पूर्णतः अवहेलना कर सकता है और न वह आदर्श को पूरी तरह नकार सकता है । जीवन की पूर्णता यथार्थ से आदर्श की ओर अभिगमन करने में ही है। यही कारण रहा है कि जैनाचार्यों ने व्यक्ति को वैराग्य की दिशा में मोड़ने के लिए अपनी कृतियों में शृंगारिक वर्णनों को स्थान दिया है, फिर भी उनकी कृतियों

का प्रमुख प्रयोजन पाठक को भोगों की ओर अभिमुख न करके उनसे विमुख करना है। वे अपने पाठक को श्रृंगार के माध्यम से अपनी ओर आर्कषित करके उसे वैराग्य की दिशा में मोड़ देते हैं।

अनुयोगद्वार सूत्र में नौ रसों की चर्चा के प्रसंग में श्रृंगार रस के विषय में कहा गया है "रति के संयोग की अभिलाषा का जनक श्रृंगार रस होता है।" वहाँ इस रस को त्याज्य और मोक्षरूपी द्वार की अर्गला ही बताया गया। यह सत्य है कि जैन कवियों ने अपनी रचनओं में श्रृंगार को स्थान दिया है किन्तु इन सबके पीछे उनका मुख्य उद्देश्य रचना को सरस बनाकर पाठक को वैराग्य की दिशा में अभिमुख करना ही है।

जैन साहित्य मुख्यतः प्राकृत भाषा में रचा गया है। प्राकृत भाषा सुकुमार तो है ही, उसमें अन्योक्ति की जैसी सामर्थ्य है, वैसी सामर्थ्य संस्कृत या अन्य किसी भाषा में नहीं है। गाहासतसई, वज्जालग्गं आदि प्राकृत के ऐसे ग्रन्थ हैं जो श्रृंगाररस की अभिव्यक्ति की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ कहे जा सकते हैं। किन्तु इनमें भी वैराग्य की उपेक्षा नहीं है। जन साधारण की अभिरुचि श्रृंगार की दिशा में होने से जैन कवियों ने तीर्थंकरों और महापुरुषों के चरित्रों में श्रृंगारिक वर्णन तो किये किन्तु प्रयत्न यही रहा कि उनके माध्यम से पाठक को आर्कषित कर वैराग्य की दिशा में मोड़ दिया जाय। जैन साहित्य में 'अजीतनाथस्तोत्र' एक महत्व-पूर्ण रचना है। प्राकृत भाषा में रचित इस रचना में अजीतनाथ और शान्तिनाथ नामक तीर्थंकरों की स्तुति की गई है। इसमें श्रृंगार रस की अभिव्यक्ति भरपूर हुई है, फिर भी इसका उद्देश्य तो व्यक्ति को वैराग्य की ओर अभिमुख करना ही है। जैन साहित्यकारों भी यह विशेषता रही है कि उन्होंने अपने श्रृंगार के विवेचन में न तो कहीं मर्यादाओं का उल्लेघन किया है और न उसे भोगोन्मुख बनाया है। जैन कवियों ने श्रृंगार रस प्रधान अनेक स्वतन्त्र रचनाएँ की हैं और अनेक श्रृंगार रस प्रधान ग्रन्थों पर टीकाएँ लिखी हैं। इनका विस्तृत विवरण श्रृंगाररस गाथाकोश की भूमिका में श्री भंवरलाल जी नाहटा ने दिया है जिसकी सूची इस प्रकार है—

१.	श्रृंगारधनद-धनदत्रिशती	धनदराज, माण्डवगढ़, वि. सं. १४९०
२.	अकबर शाही श्रृंगार दर्पण	पद्मसुन्दर
३.	कामोद्दीपन ज्ञान सार	प्रतापसिंह वर्णन, जयपुर वि. सं. १८५६
४.	कुमारसंभव टोका	चरित्रवर्द्धन, वि. सं. १४९२
५.	कुमारसंभव टोका	जिनभद्रसूरि

६. कुमारसंभव टीका	जिनसमुद्रसूरि
७. कुमारसंभव टीका	उपाध्याय लक्ष्मीवल्लभ
८. कुमारसंभव टीका	उपाध्याय समयसुन्दर
९. कुमारसंभव टीका	क्षेमहंस १६वीं शती, उल्लेख स्वकृत रघुवंशी टीका में है।
१० कुमारसंभव अवचूरि	अंचलगच्छीय श्रावक वाडवने १४ ग्रन्थों पर लिखी थी, जिसमें केवल वृत्तिरत्नाकर अवचूरि महो. विनयसागर के संग्रह में है।
११. कृष्णरुक्मिणी वेलि भाषाटीका	श्रीसार
१२. कृष्णरुक्मिणी वेलि भाषाटीका	कुशलधीर
१३. कृष्णरुक्मिणी वेलि भाषाटीका	जयकीर्ति
१४. कृष्णरुक्मिणी वेलि भाषाटीका	लक्ष्मीवल्लभ
१५. कृष्णरुक्मिणी वेलि भाषाटीका	दानधर्म
१६. कृष्णरुक्मिणी वेलि भाषाटीका	शिवनिधान
१७. कृष्णरुक्मिणी वेलि संस्कृतटीका	सारंगकवि
१८. भर्तृहरि शृंगारशतक संस्कृतटीका	अभयकुशल
१९. भर्तृहरि शृंगारशतक संस्कृतटीका	रामविजय
२०. भर्तृहरि शृंगारशतक संस्कृतटीका	लक्ष्मीवल्लभ
२१. भर्तृहरि "आणन्दभूषण प्रमोद" संस्कृतटीका	नयनसिंह, वि. सं. १७८६ बीकानेर राजवंशके आनन्दसिंह केलिए।
२२. भर्तृहरि "आणन्दभूषण प्रमोद" संस्कृतटीका	धनसार, उपकेशगच्छीय देवगुप्तसूरि के शिष्य एवं मंत्री राजलदे के पुत्र, वि.सं. १५२७में उपाध्याय थे। इनकी १. उएसारास, वि. सं. १५३२, २. वज्जालग्गं टीका, वि. सं. १५५३ और ३. भर्तृहरिशतक उपलब्ध है।
२३. भर्तृहरि शतकत्रय हिन्दी पद्यानुवाद	विनयलाभ
२४. शृंगारमण्डन (शृंगाररस के १०८ श्लोक)	मन्त्री मण्डन
२५. शृंगाररसमाला (गाथा ४१)	सूरचन्द्र, वि.सं. १६५९ अक्षय तृतीया नागोर
२६. शृंगारवैराग्यतरंगिणी	सोमप्रभाचार्य

२७.	शृंगारशतक	जिनवल्लभसूरि
२८.	शृंगारादि संग्रह सोदाहरण	अज्ञात
२९.	अनूपरसाल	उदयचन्द्र, वि. सं. १७२८
३०.	भावशतक	समयसुन्दर, वि. सं. १६४१
३१.	माधवानल कामकंदला चौपाई	कुशल लाभ, वि. सं. १६१६
३२.	ढोलामारु चौपई	कुशल लाभ, वि. सं. १६१७
३३.	कोक चौपाई	नबुंदाचार्य
३४.	वज्जालग्गं	जयवल्लभ
३५.	शशिकला पंचाशिका	ज्ञानाचार्य
३७.	कोकशास्त्र	ज्ञानसोम
३८.	शृंगारगाथा विज्जाहला	श्रुतसागर, वि. सं. १५०३
३९.	शृंगारिक पद्य	अज्ञात
४०.	शृंगारमंजरी संग्रह अजितसेनदेव	जैनसिद्धान्त भवन, आरा
४१.	शृंगारार्णविचन्द्रिका	विजयवर्णी (विजयकीर्ति-शिष्य) जैनसिद्धान्त भवन, आरा
४२.	मदनकामरत्न	पूज्यपाद पंचबाणरस. जैनसिद्धान्त भवन, आरा
४३.	संयोगद्वात्रिंशिका	खरतरगच्छीय मानकवि (सुमतिमेरु के शिष्य), वि. सं. १७७३
४४.	रसिकप्रिया वार्तिक	कुशलधीर, वि. सं. १७२४
४५.	ढोलामारु वार्त्ता दोहा	जयानन्द महो॰विनयसागर कोटासं॰
४६.	रसाउलो (प्राकृत)	पूर्णिमापक्षे, मुनिचन्द्रसूरि, वि. सं. १५७७ के आस-पास हालाभाई भण्डार, पाटण
४७.	सुदयवच्छ सावलिंगा चौपाई	खरतरगच्छीय कीर्तिवर्द्धन
४८.	चतुरप्रिया (नायकनायिका भेद २ उल्लास पद्य क्रमशः ४८, ८६,	केशवमुनि कीर्तिवर्द्धन राजस्थान जैन साहित्य
४९.	राजमतीविप्रलंभ स्वोपज्ञ टीका	पं. आशाधर, अप्राप्त
५०.	रसिकप्रिया टीका	जावालिपुर, खरतर, समय मणिक्य (समरथ), वि. सं. १७४६
५१.	सुदयवच्छवीर चरित्र संस्कृत	रत्नशेखर के शिष्य हर्षवर्धन
५२.	सदस्यवच्छ वीरचरित्र गुजराती	अज्ञातकृत, वि. सं. १६५२ पूर्व कविओ, भाग ३

५३. सुदेवच्छ सावलिंगा चौपाई	केशवविजय (विजयदेवसूरि के शिष्य), वि. सं. १७६९ जालोर
५४. मनोहर-माधव-विलास अथवा माधवानल	पूर्वपद्य १९९, अज्ञात कवि, वि.सं. १६८९
५५. स्वीगुणसवैया हिन्दी	जटमल नाहर
५६. स्त्री गजल हिन्दी	जटमल नाहर
५७. से ६०. रसनिवास, कोकपद्य, नखशिख और शृंगार कवित्तादि ३७ रचनाएँ विनयसागर के संग्रह में हैं।	रचयिता उदयचन्द भण्डारी (जोधपुर नरेश महो. मानसिंह के मन्त्री उत्तमचन्द के भ्राता थे जिनका "अलंकाराशय" नामक ग्रन्थ उच्च कोटि का है) राजस्थान का जैन साहित्य, पृ. २८२
६१. मदनशतक—	अंचलदामो (दयासागर) वाचक उदयसागर शिष्य, वि. सं. १६६९, जालोर। इस मदन नरेन्द्र चौपई में दोहे १०१ हैं। इसकी ८ चित्रमय प्रतियां हैं। चौपई के दोहों में वृद्धि होकर १३२ दोहे हो गए। गद्य वार्ता भी समाविष्ट है। आगरा विश्वविद्यालय के भारतीय साहित्य, जुलाई-अक्टूबर, सन् १९६२ में मदनशतक प्रकाशित हुआ। इसमें वह गुप्त लेख जो रति सुन्दरी ने प्रियतम को भेजा था, विशेष उल्लेखनीय है।
६२. रसमंजरी—	नायक-नायिका सम्बन्धी १०७ पद्य, महिमासिंह - मानकवि, खरतरगच्छीय उपाध्याय शिवनिधान के शिष्य रचनाकाल, वि. सं. १६७० से १६९३, अभय जैन्य ग्रंथालय, बीकानेर।
६३. वैद्यविरहिणीप्रबन्ध—	उदयराज (खरतरगच्छीय उपाध्याय भद्रसार के शिष्य, पद्य ७८, अभय जैनग्रन्थालय) बीकानेर।

६४. वज्जालग्गं टीका— रत्नदेव कृत टीका, वि. सं. १३९३ प्राकृतग्रन्थपरिषद, अहमदाबाद से प्रकाशित

६५. वज्जालग्गं विषमार्थ पदप्रदीप धनसार पाठक, वि. सं. १५५३

इसमें शृंगार सम्बन्धी ९६ विषयों पर पहले क्रममें ७९५ गाथाएँ हैं। इसके एपेण्डिक्स C प्रति से अतिरिक्त गाथाएँ पृ. २०६ से २६७ तक हैं, वि. सं. १५७० लिखित हमारे संग्रह में हैं।

६६. संदेशरासक टीका— यह कवि अब्दुर्रहमान की खण्डरूप में रचना है, जो सुखान्त विप्रलम्भ शृंगारका काव्य है। इसमें विक्रम पुर की एक वियोगिणी अपने प्रवासी पति के लिए प्रेम सन्देश भेजती है। सन्देशवाहक ज्यों ही प्रस्थान करता है, पति आ जाता है। इसपर रुद्रपल्लीय खरतरगच्छ के लक्ष्मीचन्द्र कृत टीका है।

६७. गाथासत्तसई (गाथासप्तशती)— भारतीय साहित्य में शृंगार रस विषयक महाराष्ट्री प्राकृत का सर्व प्राचीन ग्रन्थ है। यह हाल कवि शालिवाहन, (शक संवत् प्रवर्तक) की रचना है, जो स्वयं जैन था। इनके अनेक संस्करण देश-विदेश के विद्वानों द्वारा की गई टीकाओं सहित प्रकाशित हुए हैं। डॉ. हरिराम आचार्य ने पीताम्बर हारिताभ्र और भुवनपाल जैन की टीकाओं को अधिक महत्त्वपूर्ण माना है क्योंकि भुवनपाल की टीका में ३८४ गाथाकार कवियों का नामोल्लेख किया गया है।

६८. गाथासत्तसई टीका	भुवनपाल जैन
६९. शृंगारवैराग्यतरंगिणीटीका	नन्दलाल/नन्दलाभ
७०. कन्दर्प चूड़ामणी	वीरभद्र, वि. सं. १६३३ जैन साहित्यनो इतिहास पृ. ५८६ एवं जैन गुर्जर कविओं, भाग२ में उल्लिखित है।
७१. अभिनवशृंगारमंजरी	जयवंतसूरि, वि. सं. १६१४
७२. विल्हण पंचाशिका चौपाई	सारंगकवि, वि. सं. १६३९
७३. मातृकापद शृंगाररस कलित गाथाकोश	जिनभद्र शिष्य वीरभद्र
७४. प्रेमपत्री दोहा	कवि जिनहर्ष—जसराजकी अनेक फुटकर कविताएँ शृंगार से ओत-प्रोत हैं। (जिनहर्ष ग्रन्थावली)

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि जैन आचार्यों ने भी जनसाधारण को आकर्षित करने के लिए अपनी रचनाओं में श्रृंगार रस को स्थान दिया, किन्तु श्रृंगार भी वैराग्य का सन्देश लिए हुए है।

यह तो सत्य है कि भारतीय परम्परा में भर्तृहरि-धनदेव आदि ऐसे अनेक आचार्य हुए हैं जिन्होंने श्रृंगार और वैराग्य दोनों पर समान रूप से अपनी लेखनी चलायी है, फिर भी उन्होंने श्रृंगार और वैराग्य पर पृथक्-पृथक् लिखा है। श्रृंगारिक वर्णन को वैराग्य की ओर मोड़ देना यह जैनाचार्यों की अपनी विशेषता रही है। सोमप्रभाचार्य भी ऐसे ही एक विशिष्ट आचार्य हैं। इन्होंने अपनो इस कृति में श्रृंगारिक वर्णन को अन्त में वैराग्य को दिशा में मोड़ दिया है।

श्रृंगारवैराग्यतरंगिणी के रचयिता सोमप्रभाचार्य का उपनाम 'शतार्थिक' था। इनके पितामह जिनदेव और पिता सर्वदेव थे। ये पोरवाड़ जाति के जैन थे। ये कुमारावस्था में हो दीक्षित हो गये थे। इन्होंने अपनी प्रखर-बुद्धि द्वारा जैन आगमों और अन्य शास्त्रों का तलस्पर्शी अभ्यास कर लिया था। ये बृहद्गच्छ (बड़गच्छ) के आचार्य विजयसिंहसूरि के शिष्य थे। बृहद्गच्छ की पट्टावली के अनुसार ये महावोर की पट्टपरम्परा के चालोसवें आचार्य थे। चूँकि ये बृहद्गच्छ के आचार्य विजयसिंह सूरि के शिष्य थे, अतः यह सिद्ध होता है कि ये श्वेताम्बर परम्परा के थे। श्वेताम्बर परम्परा में बृहद्गच्छ लगभग दसवीं शती में अस्तित्व में आया। इनका काल बारहवीं शताब्दी है क्योंकि 'कुमारपालप्रतिबोध' उनकी प्रथम कृति है जो एक मत के अनु-

सार कुमारपाल के राज्यकाल में ही संवत् ११९९ में लिखी गई थी। इस सन्दर्भ में एक और मान्यता यह है कि 'कुमारपालप्रतिबोध' की रचना सं० १२४१ में कुमारपाल की मृत्यु के पश्चात् हुई थी। इस प्रकार इनका काल बारहवीं शती के उत्तरार्द्ध से तेरहवीं शती के पूर्वार्द्ध तक माना जा सकता है।

लेखक की परम्परा के सम्बन्ध में कृति के तैंतीसवें श्लोक में 'शिव' और उनचालीसवें श्लोक में 'शिवपुरिम्' शब्दों का उल्लेख होने से विन्टरनित्ज ने यह कल्पना की, कि यह कृति मूलतः शैव परम्परा की होनी चाहिए, किन्तु उनकी यह कल्पना समुचित नहीं है, क्योंकि जेन-परम्परा में मोक्ष के लिए शिव, शिवपद ओर शिवपुरी इन शब्दों का प्रयोग सामान्य रूप से प्रचलित रहा है। लेखक और उसकी कुल परम्परा जैनधर्म से ही सम्बन्धित है। अतः लेखक और उसकी कृति के जैन होने के सम्बन्ध में कोई सन्देह नहीं किया जा सकता है।

सोमप्रभाचार्य द्वारा विरचित कृतियों के नाम इस प्रकार हैं—

(१) कुमारपालप्रतिबोध (२) सुमतिनाथचरित (३) दमयन्तीचरित (४) शतार्थकाव्य (५) सूक्तिमुक्तावली और (६) शृंगारवैराग्यतरंगिणी।

१. **कुमारपालप्रतिबोध**—इस ग्रन्थ के विषय में विद्वानों की यह मान्यता है कि यह सोमप्रभाचार्य की प्रथम कृति है। इसके रचनाकाल के सन्दर्भ में विद्वानों में मतभेद है। कुछ विद्वानों का मानना है कि यह ग्रन्थ राजा कुमारपाल के राज्यकाल में ही संवत् ११९९ में लिखा गया था और कुछ अन्य विद्वानों का मानना है कि इसकी रचना सं० १२४१ में कुमारपाल के मरणोपरान्त हुई। 'कुमारपालप्रतिबोध' जिनधर्मप्रतिबोध और हेमन्तकुमारचरित के नाम से भी जाना जाता है। इसे हेमचन्द्र और कुमारपालचरित इसलिए कहा गया है कि इसमें दोनों का चरित्र वर्णित है। यह कृति साहित्य विद्या की दृष्टि से एक विशिष्ट कृति है। प्रथम तो यह गद्य-पद्यमयी रचना है, अतः इसे चम्पू भी माना जा सकता है। दूसरे भाषा की दृष्टि से इसमें संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश तीनों हो भाषाओं का उल्लेख हुआ है। इसमें पाँच प्रस्ताव हैं, जिसमें पाँचवाँ प्रस्ताव अपभ्रंश और संस्कृत दोनों भाषाओं में निबद्ध है। ग्रन्थ में हेमचन्द्रसूरि के मुख से कुमारपाल को जैनधर्म के सिद्धान्त और आचार नियमों की विवेचना होने से, इसे जिनधर्म प्रतिबोध कहा गया है। इसमें श्रावक के बारह व्रतों के महत्त्व तथा उनके पाँच-पाँच अतिचारों को सूचित करने के लिए चौवन कहानियाँ भी दी गयी हैं जिनमें अमरसिंह,

दामन्नक, देवपाल, पद्मोत्तर, चन्दनबाला, धन्यश्रावक, कृतपुण्य, शीलवती, नलकथा (दमयन्ती कथा), द्वारिकादहन कथा आदि भी वर्णित हैं।

२. **सुमतिनाथचरित्र**—इसमें पाँचवें तीर्थंकर सुमतिनाथ का चरित्र-चित्रण है। प्राकृत तथा संस्कृत दोनों भाषाओं में रचित यह प्रथम ग्रन्थ है। इसका ग्रंथाग्र ९६२१ श्लोक प्रमाण है। जहां तक हमारी जानकारी है यह ग्रन्थ अभी तक अप्रकाशित है। जिनरत्नकोश की सूचना के अनुसार यह ग्रन्थ लिम्बडी, डेलाउपाश्रय भण्डार, अहमदाबाद, लोडी पोषाल संघवी पाड़ा, पाटन के ग्रन्थ भण्डारों में उपलब्ध है।

३. **दमयन्तीचरित्र**—सोमप्रभाचार्य की अन्य कृतियों में प्राकृत में निबद्ध दमयन्तीचरित्र है। यह ग्रन्थ कुमारपालप्रतिबोध (कुमारपाल-पडिबोह) के अन्तर्गत ही है।

४. **शतार्थकाव्य**—सोमप्रभाचार्य के शतार्थिक काव्य के मूल में तो एक ही पद्य है, जिस पर टीका की गई है और उस टीका में उन्होंने उस एक पद्य के एक सौ छः अर्थ निकाले हैं, जिसमें चौबीस तीर्थंकर, ब्रह्मा, विष्णु, महेश और राजाओं में कुमारपाल, राजपाल, जयसिंह आदि के चरित्र हैं। यह ग्रन्थ प्रकाशित है।

जैन परम्परा में यह मान्यता है कि एक सूत्र के अनन्त अर्थ होते हैं (एगस्स सुत्तस्स अनन्त अत्था)। इस सिद्धान्त की पुष्टि के लिए अनेक काव्यों की रचना हुई। इस सन्दर्भ में द्विसंधान, त्रिसंधान, चतुःसंधान, पंचसंधान, सप्तसंधान आदि ग्रन्थों की रचना हुई। अनेकार्थ काव्यों की परम्परा जैन परम्परा में पाँचवीं छठी शताब्दी से ही प्रारम्भ हो जाती है। वसुदेवहिण्डी में 'चत्तारि' अर्थ, गाथा के चौदह अर्थ किये गये हैं। धनञ्जय का द्विसंधान (८वीं शताब्दी), शान्तिराज कवि का पञ्चसंधान ११वीं शती), सूराचार्य का नाभेनेमि द्विसंधान (११वीं शती) अनेकार्थक रचनाएँ हैं। इसी क्रम में सोमप्रभाचार्य का 'शतार्थिककाव्य' भी आता है। यह परम्परा जैन कवियों में आगे भी जीवित रही और समयसुन्दर ने 'राजानोदधते सौख्यम्' के आठ लाख अर्थ अपनी कृति अष्टलक्षी में किये हैं। इसी क्रम में मेघविजय सप्तसन्धान भी एक प्रमुख काव्य है जो १८वीं शताब्दी की रचना है। इस प्रकार जैनों में अनेकार्थक काव्य रचने की परम्परा लगभग ५वीं शताब्दी से प्रारम्भ होकर १८वीं शताब्दी तक चलती रही। किन्तु यहाँ हमारा विवेच्य विषय

केवल सोमप्रभाचार्य की रचनाओं का ही उल्लेख करना है अतः अनेकार्थक काव्यों के सम्बन्ध में चर्चा अपेक्षित नहीं है।

५. **सूक्तिमुक्तावली**—सोमप्रभाचार्य की सूक्तिमुक्तावली, सिन्दूरप्रकर और सोमशतक के नाम से भी जानी जाती है। इस कृति में १०० संस्कृत श्लोकों का संकलन है, जो जैनधर्म के विभिन्न विषयों से संबंधित हैं। कभी-कभी भ्रांतिवश इसका कर्ता दिगम्बर आचार्य सोमदेव को मान लिया जाता है जो सत्य नहीं है। वस्तुतः इसके कर्ता बृहद्गच्छ के सिंह सूरि के शिष्य सोमप्रभाचार्य हैं। जल्हणदेव ने अपनी सूक्ति-मुक्तावली (ई० सन् १२५०) में न केवल सूक्तिशतक के रचयिता के रूप में सोमप्रभाचार्य का उल्लेख किया है अपितु उनके प्रारम्भिक श्लोक—'लक्ष्मीः पश्यति' का निर्देश किया है। मात्र यही नहीं, शतार्थवृत्ति के अन्त में भी सोमप्रभ के इस ग्रन्थ का उल्लेख हुआ है। सोमप्रभाचार्य की यह कृति हर्षकीर्ति की टीका के साथ अहमदाबाद से सन् १९२४ में प्रकाशित हुई। इसके अतिरिक्त भी इस ग्रन्थ पर टीकाएँ लिखी गयी हैं। इस पर खरतरगच्छ के जिनहितसूरि के प्रशिष्य कल्याणराज के शिष्य चारित्रवर्धनगणि कृत टीका भी है जो वि० सं० १५०५ में लिखी गयी है। इसी प्रकार जिनसागर के शिष्य धर्मचंद की इस पर एक व्याख्या मिलती है। जिनरत्नकोश में इसकी टीकाओ के सम्बन्ध में जो अन्य सूचना प्राप्त है उसके अनुसार उपरोक्त तीन टीकाओं के अतिरिक्त खरतरगच्छ के जिनतिलकसूरि की टीका, मलधारीगच्छ के गुणनिधानसूरि के शिष्य गुणकीर्ति की वलभी नामक टीका, विमलसूरि की टीका तथा एक अज्ञात कृत टीका के साथ ही साथ भावचारित्र के टिप्पण भी मिलते हैं। इस प्रकार इस पर आठ टीकाएँ हैं।

यहाँ इन सबकी विशेष चर्चा में न जाकर केवल सोमप्रभाचार्य की श्रृंगारवैराग्यतरंगिणी के सन्दर्भ में ही अपने को सीमित रखना चाहेंगे।

६. **श्रृंगारवैराग्यतरंगिणी**—सोमप्रभाचार्यकृत श्रृंगारवैराग्यतरंगिणी शीर्षक यह कृति मात्र छियालिस पद्यों में निबद्ध है। जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है; इसमें सर्वप्रथम कामशास्त्र के अनुसार स्त्रियों के सौन्दर्य का नख-शिख वर्णन करके जहाँ एक ओर श्रृंगार का उद्रेक किया गया है वही दूसरी ओर उनसे सतर्क रहने का उपदेश देकर उस श्रृंगारिक वर्णन को वैराग्य की ओर मोड़ दिया गया है। इसका प्रारम्भ स्त्री के केशों के वर्णन से होता है।

श्रृंगारवैराग्यतरंगिणी के प्रकाशित संस्करणों के संदर्भ में जो सूचनाएँ

उपलब्ध होती हैं उनके अनुसार सर्वप्रथम यह ग्रन्थ वि० सं० १९४२ अर्थात् ई० सन् १९८५ में निर्णय सागर प्रेस से बड़ौदा के जगजीवन सुन्दर नामक श्रावक के द्वार मुद्रित करवाया गया था। यह प्रति पार्श्वनाथ विद्यापीठ के पुस्तकालय में उपलब्ध है और प्रस्तुत कृति में मूल पाठ और संस्कृत टीका उसी के आधार पर प्रकाशित की गयी है। निर्णयसागर प्रेस के इस प्रथम संस्करण के पश्चात् प्रो० एच० आर कापड़िया सम्पादित गुजराती अनुवाद के साथ यह कृति बम्बई से सन् १९२३ में पुनः प्रकाशित हुई थी। उसके पश्चात् इस ग्रन्थ का अन्यत्र कहीं से प्रकाशन हुआ हो। यह हमारी जानकारी में नहीं है।

इस ग्रन्थ की संस्कृत टीका आगरा नगर में नन्दलाल द्वारा विरचित है। ज्ञातव्य है कि जिनरत्नकोश में नन्दलाल के स्थान पर नन्दलाभ का उल्लेख मिलता है। अतः यह एक विवाद का विषय हो सकता है कि इसके संस्कृत टीकाकार नन्दलाल हैं या नन्दलाभ। नन्दलाल नाम स्वीकार करने पर उन्हें गृहस्थ मानना होगा, जबकि नन्दलाभ-यह नाम होने पर वे मुनि या यति हो सकते हैं। टीका प्रशस्ति में यह भी कहा गया है कि गुरु की कृपा से और दानविशाल शिष्य के अनुरोध से सोमप्रभाचार्य की इस सुदुर्गम प्रति की वृत्ति अपनी अल्पबुद्धि द्वारा की गई है। अतः सम्भावना यही लगती है कि मूल नाम नन्दलाभ ही होना चाहिये। उन्होंने यह टीका आगरा में आचार्य श्रीजिनभक्ति के काल में लिखी थी। प्राप्त निर्देश के अनुसार श्री जिनभक्तिसूरिकृत यह टीका विक्रम संवत् १७५६ मार्गशीर्ष मास की त्रयोदशी शुक्रवार को लिखी गई थी।

ज्ञातव्य है कि श्रृंगारवैराग्यतरंगिणी छगनलाल उमेदचन्द के द्वारा चरित्र-संग्रह में अन्य आठ ग्रन्थों के साथ में भी प्रकाशित हुई है।

श्रृंगारवैराग्यतरंगिणी के नाम से दिवाकर मुनि द्वारा रचित एक अन्य कृति भी प्राप्त होती है। यह कृति बावन श्लोकों में रचित है। इसमें भी नारी का नख-शिख वर्णन करते हुए ही वैराग्य का उपदेश दिया गया है। इसके प्रारम्भ में यह कहा गया है कि जिन्होंने इन्द्राणी से भी अधिक सुन्दर राजमती का परित्याग करके चरित्र रूपी युवती से विवाह किया उन भगवान नेमिनाथ को नमस्कार करके मैं श्रृंगारवैराग्य मिश्रित निर्दोष वर्णन करूँगा। इसके रचयित के संघतिलकगणि के शिष्य दिवाकर मुनि हैं। इसकी रचना संवत् १६७२ ने पाटन में को गई। दिवाकर मुनि की श्रृंगारवैराग्यतरंगिणी का रचना-काल, विषय प्रतिपादन, शब्द योजना आदि को देखकर भी यह स्पष्ट लगता है कि दिवाकर मुनि के

समक्ष सोमप्रभाचार्य की शृंगारवैराग्यतरंगिणी रही। इस प्रकार शृंगारवैराग्यतरंगिणी के नाम से जो एकाधिक रचनाएँ प्राप्त होती हैं, उन सबमें सोमप्रभाचार्य की यह शृंगारवैराग्यतरंगिणी प्राचीन है और अपने प्रकार की प्रथम रचना है। कृति के लघुकाय होने पर भी इसका महत्त्व निर्विवाद है।

शृंगारवैराग्यतरंगिणी की भाषा सरलता के सौन्दर्य से भूषित है शृंगारवैराग्यतरंगिणी को सामान्यतः भाषा की दृष्टि से सुबोध कहा जा सकता है। सहजता तथा कोमलता शृंगारवैराग्यतरंगिणी की ऐसी विशेषतायें हैं जो प्रत्येक भाव अथवा प्रसंग के चित्रण में सर्वत्र विद्यमान है। इसमें एक भी ऐसा स्थल नहीं जिसे कष्ट साध्य अथवा दुर्बोध कहा जा सकता है।

भाषा पर पूर्ण अधिकार होते हुए भी आचार्य सोमप्रभ ने भाषा पाण्डित्य का अनावश्यक प्रदर्शन नहीं किया है। कवि ने उचित शब्दों के प्रयोग द्वारा अपने हृदयगत भावों तथा अभिप्रेत को सहज ढंगसे चित्रित किया है। इसमें काव्यपक्ष और भावपक्ष का सुन्दर समन्वय है। सोमप्रभ की भाषा प्रसाद गुण-युक्त तथा सुबोध है। चाहे संस्कृत हो या प्राकृत अपने भाषात्मक कौशल के कारण सोमप्रभ प्रत्येक वर्ण्य विषय का प्रभावशाली चित्रण करने में समर्थ हैं। सरलता तथा प्रौढ़ता के सम्मिश्रण से युक्त आचार्य की भाषा सर्वत्र उदात्त है। भावानुकुल शब्दों के विवेकपूर्ण चयन तथा कुशल गुम्फन से ध्वनि सौन्दर्य की सृष्टि कराने में सोमप्रभ सिद्धहस्त हैं। उन्होंने शृंगार के प्रसंगों को अल्प समास वाली पदावली में निबद्ध किया है। कवि ने काव्य में उपमाओं का प्रयोग कुशलता से किया है।

इसप्रकार शृंगारवैराग्यतरंगिणी सर्वजन ग्राह्य एवं महत्त्वपूर्ण कृति है।

अक्षय तृतीया संवत् २०५२

सागरमल जैन
निदेशक
पार्श्वनाथ विद्यापीठ
वाराणसी

शृङ्गारवैराग्यतरङ्गिणी

(संस्कृत-व्याख्या एवं हिन्दी अर्थ सहित)

ॐ नमोऽर्हद्भ्यः

श्रीपार्श्वनाथं प्रणिपत्य भक्त्या पुरि स्थितं श्रीफलवर्द्धिकायम् ।।
शृंगारवैराग्यतरंगिणी या व्याख्यानतो व्याक्रियते मया सा ।।१।।

धर्मारामदवाग्निधूमलहरीलावण्यलीलाजुष-
स्तन्वंग्यायमितान्विलोक्य तदहो वालान्किमुत्कण्ठसे ।।
व्यालान्दर्शनतोऽपि मुक्तिनगरप्रस्थानविघ्नक्षमा-
न्मत्वा दूरममून् विमुंच कुशलं यद्यात्मनो वाञ्छसि ।।१।।

सोमप्रभाचार्य्याः वैराग्यवासनया शृंगारं दूषयन्तः शृङ्गारवैराग्यतरंगिणीनामानं ग्रन्थं कर्त्तुकामाः स्त्रीरूपं निन्द्यमिति प्रतिपादयन्त ऊचुः । धर्मारामेति । अहो इत्याश्चर्य्ये, तन्वंग्याः तनुः सूक्ष्ममंगं यस्याः सा तन्वंगी तस्याः स्त्रिया यमितान् बद्धान् वालान् केशान् विलोक्य दृष्ट्वा किमुत्कण्ठसे किम् उत्कण्ठां करोषि । कथंभूतान् वालान् ? धर्मारामदवाग्निधूमलहरीलावण्यलीलाजुषः, धर्म एव आरामो वनं तत्र यो दावाग्निर्दावानलः तस्य या धूमलहरी धूमश्रेणिः तस्या यल्लावण्यं श्यामत्वं तस्य लीलां जुषन्ते सेवन्त इति लीलाजुषः तान् । जुषी प्रीतिसेवनयोर्धातुः । दवाग्निधूमपंक्तिसदृशानित्यर्थः । अथ वैराग्यरसेन शृंगारं दूषयति—रे मनुष्य ! यदि त्वम् आत्मनः स्वस्य कुशलं कल्याणं वांछसि तदा अमून् वालान् व्यालान् सर्पान्मत्वा कृष्णवर्णत्वाल्लम्बायमानत्वाच्च सर्पसादृश्यं वालानां युक्तमेव, दूरं विमुंच दूरतस्त्यज इत्यर्थः । सर्पं दृष्ट्वा यथा दूरमेव पलायते तथा त्वमपि दूरं पलायस्वेत्यर्थः । किं० वालान् ? दर्शनतोऽपि मुक्तिनगरप्रस्थानविघ्नक्षमान् । मुक्तिरेव नगरं तत्र यत् प्रस्थानं गमनं तत्र विघ्नाय विघ्नं कर्तुं क्षमाः समर्थास्तान् । सर्पस्य दर्शनादेव गमने विघ्नसमुत्पत्तिरिति शकुनशास्त्रे प्रसिद्धम् । तन्वंग्या यमितान्वालान् व्यालान् जानीहि । तथाहि श्लेषार्थोऽयम् । यकारम् इताः प्राप्ताः संयुक्ता वा वाला व्याला भवन्तीति युक्तमेव वालानां व्यालत्वम् । इदं शार्दूलविक्रीडितं नाम छंदः ।। इति प्रथमपद्यार्थसंकोचः ।।१।।

अर्थ—आश्चर्य है (हे मानव) धर्म रूपी उपवन में लगी दावाग्नि की (काली) धूमरेखा की भाँति कामिनी के सुन्दर श्यामवर्ण वाले सुसज्जित केशों को देखकर क्यों आकर्षित होते हो। यदि आत्म-कल्याण चाहते हो तो मोक्षनगर हेतु प्रस्थानकाल में साँप का दर्शन-मात्र भी विघ्नकारी होने से इन सर्परूपी काले केशों का दूर से त्याग करो ॥१॥

विशेषार्थ—काले धुएँ से स्त्री के श्यामवर्ण केशों का सादृश्य दिखाया गया है और उन्हीं लम्बे गुँथे हुए केशों को साँप से सादृश्य बताते हुए कल्पना की गई है कि ये सुसज्जित केशराशियाँ मुक्तिमार्ग में उसी प्रकार बाधक हैं, जिस प्रकार लोक में सर्प-दर्शन यात्रादि के समय विघ्न कारक होते हैं।

ये केशा लसिताः सरोरुहदृशां चारित्रचन्द्रप्रभा-
भ्रंशांभोदसहोदरास्तव सखे चेतश्चमत्कारिणः ॥
क्लेशान्मूर्त्तिमतोऽवगम्य नियतं, दूरेण तानुत्सृजे-
र्नोचेत् कष्टपरम्परापरिचितः शोच्यां दशामेष्यसि ॥२॥

हे सखे ! सरोरुहदृशां सरोरुहाणि कमलानीव दृशो नेत्राणि यासां ताः सरोरुहदृशस्तासां स्त्रीणां ये लसिता देदीप्यमानाः केशाः तव चेतश्चमत्कारिणः चित्त-प्रसत्तिकारिणः वर्त्तन्त इति शेषः। किंभूताः केशाः—चारित्रचन्द्रप्रभाभ्रंशांभोदसहोदराः। चारित्रमेव चन्द्राप्रभा ज्योत्स्ना तस्या भ्रंशे नाशने अंभोदो मेघस्तस्य सहोदराः सदृक्षाः। केशानां श्यामत्वादम्भोदसदृशत्वं, तान् केशान् मूर्त्तिमतश्चक्षुरिंद्रियगम्यान्, क्लेशान् नियतं निश्चयेन अवगम्य बुद्ध्वा दूरेण दूरादेव त्वमुत्सृजेस्त्यजेः। नोचेदिति, यदि न त्यजसि तदा त्वं शोच्यां शोचनीयां दशामवस्थामेष्यसि प्राप्स्यसि। किंभूतस्त्वम् ? कष्टपरंपरापरिचितः कष्टानां या परंपरा श्रेणिः तया परिचितः युक्तः। स्त्रीणां केशान् क्लेशान् ज्ञात्वा त्यजेत्यर्थः। केशाः क्लेशाः कथं स्युरिति प्रश्ने, लसिताः लेन लकारेण सिता बद्धाः केशाः क्लेशा भवंतीत्यर्थः ॥२॥

अर्थ—हे सखे ! तुम्हारे हृदय को आह्लादित करने वाले कमलनयनी कामनियों के सुसज्जित केश चारित्ररूपी चन्द्रिका को नष्ट करने वाले मेघ के सहोदर हैं। केशों को साक्षाद् दुःख जानकर उनका दूर से ही परित्याग करो। यदि (ऐसा) नहीं करते हो तो दुःखों की श्रृंखला से

युक्त अर्थात् कभी समाप्त न होने वाले दुःखों के कारण तुम शोचनीय दशा को प्राप्त करोगे ।।२।।

विशेषार्थ—इसमें स्त्रियों के सुसज्जित केशों की तुलना चन्द्रमा को आच्छादित करने वाले बादलों से की गयी है।

ये शुद्धबोधशशिखण्डनराहुचण्डा-
श्चित्तं हरन्ति तव वक्रकचाः कृशांग्याः ।।
ते निश्चितं सुकृतमर्त्यविवेकदेह-
निर्दारणे ननु नवक्रकचाः स्फुरन्ति ।।३।।

हे पुमन् ! कृशांग्याः कृशं सूक्ष्मम् अङ्गं यस्याः सा तस्याः ये वक्रकचाः वक्रकेशास्तव चित्तं हरन्ति। तव चेतसि चमत्कारमुत्पादयन्तीत्यर्थः। कथंभूताः वक्रकचाः ? शुद्धबोध शशिखण्डनराहुचण्डाः। शुद्धबोधो निर्मलज्ञानं स एव शशी तस्य खण्डनेऽर्थात्कवलने राहुरिव चण्डाः क्रूराः शुद्धबोध०। फलितार्थस्तु राहुर्यथा चन्द्रं ग्रासीकरोति तथा एते वक्रकचा ज्ञाननाशका इत्यर्थः। ननु निश्चितं ते वक्रकचाः सुकृतमर्त्यविवेकदेहनिर्दारणे। सुकृतमेव मर्त्यस्तस्य यो विवेक एव देहस्तस्य निर्दारणे नवक्रकचाः। नवाश्चैते क्रकचाश्च नवक्रकचाः। नूनं करपत्राणि। क्रकचं पुंनपुंसकम्। करपत्रं चेति नाम कोशः। स्फुरन्ति स्फुरद्रूपा-वर्तन्त इत्यर्थः। अत्र क्रकचाः नवक्रकचा भिन्नश्लेष एव चमत्कारः ।। वसन्ततिलका छन्दः ।।३।।

अर्थ—हे मनुष्य ! तन्वांगी (नारी) के जो काले घुँघराले केश तुम्हारे मन को लुभा रहे हैं, वे तुम्हारे निर्मल ज्ञानरूपी चन्द्रमा को खण्डित अर्थात् कवलित करने में राहु के समान क्रूर हैं। ये केश पुण्यरूपी मनुष्य की विवेकरूपी काया को छिन्न-भिन्न कर देने में नये आरे के समान हैं ।।३।।

विशेषार्थ—प्रस्तुत श्लोक में मनुष्य के निर्मल ज्ञान की तुलना चन्द्रमा से और कामिनी के सुसज्जित केशों की तुलना राहु ग्रह से की गई है। जिस प्रकार राहु ग्रह चन्द्रमा को ग्रसित कर लेता है उसी प्रकार स्त्री के मनोहारी केश संयमी के निर्मल ज्ञान को मलिन करने वाले हैं।

अलङ्कृतं कुन्तलभारमस्या
विलोक्य लोकः कुरुते प्रमोदम् ।।

वैराग्यवीरच्छिदुरं दुरन्त-
ममुं न किं पश्यसि कुन्तभारम् ॥४॥

अस्याः नायिकायाः कुन्तलभारं बद्धकेशसमूहम् । कुन्तलाः संयता ये स्युरिति कोशः । विलोक्य लोकः प्रमोदं हर्षं कुरुते । कथंभूतं कुन्तलभारम् ? अलंकृतं पुष्पादिना संस्कृतं, अमुं कुन्तलभारं कुन्तभारम् । कुन्तः प्रासोऽथमुद्गर इति नामकोशः । किं न पश्यसि ! कथंभूतं कुन्तभारम् ? वैराग्यमेव वीरः सुभटस्तस्य छिदुरः छेदनशीलः तम् । पुनः कथं० कुन्तभारं दुरन्तं दुष्टमन्तं प्रान्तं यस्य तम् । अन्ते तीक्ष्णत्वाद् दुःसहमित्यर्थः । कुन्तलभारः कुन्तभारः कथं स्यात् ? न विद्यते लः लकारो यस्य सोऽलस्तम् अलंकृतं विहितम् । लकाररहितः कुन्तलभारः कुन्तभारः स्यादेवेत्यर्थः ॥ उपेन्द्रवज्रानाम छन्दः ॥४॥

अर्थ—इस नायिका के (पुष्पादि से) सुसज्जित केशराशि को देखकर लोग प्रफुल्लित होते हैं परन्तु तुम यह क्यों नहीं देखते अर्थाद् विचार करते कि ये वैराग्य रूपी वीर को काटने में तीक्ष्ण भाले के समान हैं ॥४॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत श्लोक में नायिका के सुसज्जित लम्बे केशों की तुलना तीक्ष्ण भाले से की गई है। संयमी पुरुषों के वैराग्य की तुलना वीर से की गई है। जिस प्रकार तीक्ष्ण भाला वीर योद्धा को छेद डालता है उसी प्रकार युवतियों के केश वैराग्य के लिए अनर्थकारी हैं।

कस्तूरिकातिलकितं कुलिताष्टमींदु-
चित्ते विचिन्तयसि सौख्यनिमित्तमेकम् ।
वामभ्रुवां यदलिकं तदहो अलीक-
मित्याख्ययैव परया प्रवदन्ति रूपम् ॥५॥

वामभ्रुवां स्त्रीणां यद् अलिकं ललाटम् एकमद्वितीयं सौख्यनिमित्तं सुखकारणं चित्ते विचिन्तयसि । कथंभूतम् अलिकम् ? कस्तूरिकातिलकितं तिलकं जातं यस्य तत्तिलकितं कस्तूरिकया तिलकितम् । पुनः कथंभूतम् अलिकम् ? तुलिताष्टमींदु तुलितोऽष्टम्या इंदुर्येन तद् अष्टमीचन्द्रसदृशमित्यर्थः । अहो इत्याश्चर्य्ये । तदलिकं परया अन्यया आख्यया नाम्ना अलीकमिति रूपं वदन्ति बुधाः । गोधिर्ललाटालिके चालीकं श्रवणमस्त्रियामिति नामकोशः । अलिकम् अलीकमित्युभयं नाम ललाटस्य । अलीकं मृषा वचः अलिकम् अलीकं मिथ्या जानीहीत्यर्थः ॥५॥

अर्थ—अष्टमी के चन्द्रमा के समान कस्तूरी तिलक से सुशोभित कामिनियों के जिस ललाट को तुम सुख का एकमात्र निमित्त समझते हो उसे विद्वान् अन्य प्रकार से मिथ्या रूप कहते हैं ॥५॥

न भ्रूरियं पंकजलोचनाया-
श्चकास्ति शृंगाररसैकपात्रम् ।
भूः किंत्वसौ साधुतरा प्रसूते
निबंधनं मोहविषद्रुमस्य ॥६॥

पङ्कजलोचनायाः कमलाक्ष्याः इयं भ्रूर्न चकास्ति न शोभते । कथंभूता भ्रूः ? शृंगाररसैकपात्रं शृंगाररसस्य एकमद्वितीयं पात्रं स्थानम् । अजहल्लिंगत्वान्नपुंसकत्वम् । किं त्वसौ भ्रूः साधुतरा अतिशयेन साध्वी साधुतरा । तरतमेति पुंवद्भावः, श्रेष्ठतरा भूः भूमिः सा मोहविषद्रुमस्य मोह एव विष द्रुमस्तस्य निबंधनं आविर्भावं प्रसूते उत्पादयति । भ्रूर्भूः कथमिति प्रश्ने सा प्रसिद्धा भ्रूः । धुतरा—धुतो गतो रो रेफो यस्या ईदृशी भ्रूर्भूर्भवतीत्यर्थः । इंद्रवज्रा नाम छन्दः ॥६॥

यह कमल नेत्री का भ्रू नहीं (बल्कि) शृंगार रस का एक पात्र है। वह कैसा है ?—मोहरूपी विष-वृक्ष के उत्पन्न करने में अत्यधिक श्रेष्ठ भूमि के समान है ॥६॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत दोनों श्लोकों में तिरछे नेत्रों वाली नायिकाओं के ललाट और भौंहों की चर्चा करते हुए बताया गया है कि उनके सुन्दर ललाट जिनका पर्यायवाची अभीक है, वे वास्तव में अलीक अर्थात् छलावें हैं और उनकी तिरछी भौंहे शृङ्गार रस उत्पन्न करने का पात्र है। जिसको भ्रू समझते हो, वस्तुतः वे भ्रू नहीं मोहरूपी विषवृक्ष के विकास की उर्वरा भू अर्थाद् भूमि है।

नवकुवलयदामश्यामलान् दृष्टिपातान्
कृतापरमदनाशान् विक्षिपत्यायताक्षी ।
इति वहसि मुदं किं मोहराजप्रयुक्तान्
प्रशमभटवधार्थं विद्धिचमून् दृष्टिपातान् ॥७॥

आयताक्षी—आयते विस्तीर्णे अक्षिणी यस्याः सा एवंविधा मामुद्दिश्य दृष्टिपातान् कटाक्षान् विक्षिपति प्रयुंक्ते । किंविशिष्टान् दृष्टिपातान् ? नवकुवलय-

दामश्यामलान्—नवानि यानि कुवलयानि तेषां दाम माला तद्वत् श्यामलाः कृष्णास्तान् श्यामलान् । पुनः किंविशिष्टान् दृष्टिपातान् ? कृतपरमदनाशान् कृतः परमदस्य नाशो यैस्तान् । इति मुदं हर्षं किं वहसि प्राप्नोषि अमून् दृष्टिपातान् प्रशमभटवधार्थं प्रशमः शान्तिभावः स एव भटः तस्य वधार्थम् । मोहराजप्रयुक्तान् मोह एव राजा मोहराजः । राजाहःसखिभ्यष्टच् समासान्तः । तेन प्रयुक्तान् ऋष्टिपातान् तरवारिपातान्, तरवारिरपिद्वौ च ऋष्टिरिष्टी अखण्डकाविति नाम कोशः । विद्धि जानीहि । दृष्टिपातान् ऋष्टिपातान् जानीहि । तत्कथम् ? कृतपरमदनाशान् । कृतः परमः सर्वात्मना दस्य दकारस्य नाशो यत्र ते कृतपरमदनाशास्तान् । दृष्टिपातशब्दे दकारनाशे ऋष्टिपात इति स्यादेव । मालिनी नाम छन्दः ॥७॥

अर्थ—चञ्चल (विशाल) नेत्रों वाली दूसरों के मद को नष्ट करने वाले नवीन नील कमल की पंक्ति के समान श्यामल दृष्टिपात करती है । तू उससे क्यों आनन्दित होता है । अरे ! उस दृष्टिपात को शान्तिरूपी योद्धा को मारने के लिए मोहराज के द्वारा किया गया वज्रपात जानो ॥७॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत श्लोक में कवि ने आत्मकल्याण के इच्छुकों के प्रति संयम में दृढ़ता लाने के लिए स्त्री के नेत्रों के विकार से बचने का मार्ग बताया है । इस बात को स्पष्ट करते हुए कवि ने संकेत किया है कि चञ्चल नेत्रों के देखने मात्र से ही मन की परमशान्ति भंग हो जाती है । संयमी को संयम में दृढ़ रहने का पहला चरण नेत्र-संयम ही है ।

तस्याः कोपपदं यदाननमहोरात्रं स्मरन्नात्मनः
संतापं वितनोषि काननमहो ज्ञात्वा सखे तत्त्यजेः ।
एतस्मिन्वसता मनोभवमहासर्प्पेण दष्टः पुमान्
कार्य्याकार्य्यविवेकशून्यहृदयः कस्को न संजायते ॥८॥

हे सखे ! तस्याः स्त्रिया यद् आननं मुखम् अहोरात्रं स्मरन् स्मृतिविषयं कुर्वन् त्वम् आत्मनः स्वस्य संतापं वितनोषि विस्तारयसि ॥ कथंभूतम् आननम् ? कोपपदं कोपस्य पदं स्थानं तद् आननम् अहो इति खेदे काननं वनं ज्ञात्वा त्वं त्यजेः ॥ एतस्मिन्कानने वसता स्थितिं कुर्वता मनोभवमहासर्प्पेण मनोभवः कामः स एव महासर्पस्तेन पुमान् दष्टः सन् कस्कः । सर्वस्य द्वे इति द्वित्वम् । कस्कादित्वात्सत्वम् ॥ कार्याकार्यविवेकशून्यहृदयः । कार्यं चाकार्यं च कार्याकार्ये तयार्विवेकस्तेन शून्यं हृदयं

यस्य स तथा न संजायते । सर्पविषेण मूर्च्छितः पुमान् शून्यहृदयो भवति । अयं तु महासर्पेण दष्टस्तस्य किं वाच्यम् । आननं काननं कथमिति प्रश्ने । आननं कोपपदं कः ककार उपपदं यस्य तदा काननं स्यादेवेत्यर्थः ॥८॥

अर्थ—हे मित्र ! उस स्त्री के कोपपद रूपी आनन अर्थात् मुख को रात-दिन स्मरण करते हुए अपने दुःख को बढ़ाते हो । अरे ! उसके आनन को कानन अर्थात् भयंकर वन समझकर उसका स्मरण त्याग दो । उस (स्त्री के आनन रूपी कानन) में रहने वाले कामदेव रूपी भयंकर सर्प द्वारा दंसित कौन ऐसा पुरुष है जो कार्य्याकार्य्य के विवेक से रहित हृदय वाला नहीं हो गया है ॥८॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत स्थल में भी कवि पूर्ववत् ही संकेत करता है कि स्त्री के सुन्दर मुख का स्मरण मात्र भी संयमी साधक के लिए महा-विनाशकारी है ।

यहाँ स्त्री के मुख को भयानक वन की उपमा दी गई है तथा उससे संलग्न कामतत्त्व को भयानक सर्प की उपमा दी है ।

साकारमालोक्य मुखं तरुण्याः
किं मुग्धबुद्धे मुदमादधासि ।
इदं हि चित्तभ्रमनाटकस्य
विचक्षणैरामुखमाचचक्षे ॥९॥

हे मुग्धबुद्धे ! मुग्धा बुद्धिर्यस्य तत्संबोधनम् । तरुण्या मुखम् आलोक्य किं मुदं हर्षम् आदधासि धारयसि । कथंभूतं मुखम् ? साकारम् आकारेण सह वर्त्तमानं साकारं सुंदरमित्यर्थः । हि निश्चितम् इदं मुखं विचक्षणैर्विद्वद्भिः चित्तभ्रमनाटकस्य चित्तभ्रम एव नाटकस्तस्य आमुखमाद्यारम्भम् आचचक्षे इत्यत्र कर्मणि लिट् । मुखम् आमुखं त्वित्थम् । साकारम् आकारेण सह वर्त्तमानं मुखम् आमुखं स्यादित्यर्थः ॥९॥

अर्थ—हे मोहित बुद्धि वाले ! युवती के सुन्दर मुख को देखकर क्यों हर्षित होते हो ? इस मुख को ज्ञानी पुरुषों ने चित्तभ्रमनाटक अर्थाद् विवेक भ्रष्टता का आमुख अर्थाद् आरम्भ कहा है ॥९॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत श्लोक में कवि अपनी बात को स्पष्ट करते हुए संकेत करता है कि स्त्री के मुख की तरफ देखना ही व्यक्ति को संयम पथ से विचलित कर सकता है । कवि आगे कहता है कि पथभ्रष्टता का आरम्भ ही तरुणी के मुख की तरफ देखने से होता है ।

कामज्वरातुरमते तव सर्वदास्यं
वामभ्रुवां यदि कथंचिदवाप्तुमिच्छा ।
यत्नं विनाप्यखिलजन्मपरम्परासु
तज्जातमेव भवतो ननु सर्वदास्यम् ।।१०।।

हे कामज्वरातुरमते ! कामज्वरेण आतुरा मतिर्यस्य तत्संबोधनं हे काम० ।। सर्वदा सर्वस्मिन्काले यदि तव वामभ्रुवां स्त्रीणां आस्यं मुखं कथंचित्केनापि प्रकारेण अवाप्तुं प्राप्तुमिच्छा वर्त्तते, तदा ननु निश्चितं यत्नं विनापि अखिलजन्मपरम्परासु । जन्मनः परम्पराः श्रेणयः अखिला या जन्मपरंपरास्तासु भवतस्तव सर्वदास्यं दासस्य भावो दास्यं सर्वेषां भृत्यत्वं जातमेव । स्त्रीमुखदत्तचित्तस्य तव सर्वजनानां दासत्वं जातमेव । अत्र पद्ये उभयत्र सर्वदास्यमिति पदस्य भिन्नार्थमेव चित्रम् । बसंत-तिलका नाम छन्दः ।।१०।।

अर्थ—हे काम से पीड़ित मति वाले ! यदि स्त्रियों का मुख येन केन प्रकारेण प्राप्त करने की सदा तुम्हारी इच्छा है तो निश्चित ही बिना यत्न के भी जीवन-मरण की शृंखला में आपको सभी प्रकार से दासत्व उत्पन्न हो गया है ।।१०।।

विशेषार्थ—प्रस्तुत श्लोक में कवि ने कामातुर बुद्धि के भयंकर परिणामों का परिचय कराया है । आगे कहा है कि वस्तुतः जन्म-मरण की परम्परा का कारण भी स्त्री की तरफ देखना है । तथा असंख्य जन्मों तक दासता के कष्ट का भी कारण यही है ।

तस्याः साधुरदं विलोक्य वदनं यः संश्रयत्यंजसा
मुक्त्वा मुक्तिपथं हहा प्रविशति भ्रांत्या सदुर्गं वने ।।
तच्चात्यन्तमचारुबद्धवसतिर्येनात्र रागादिभि-
श्चौरैर्द्धर्मधनापहारकरणात्कष्टं न किं प्राप्यते ।। ११ ।।

यः पुमान् तस्याः स्त्रियाः वदनं मुखं साधुरदं साधवः समीचीना रदा यस्मिन् तत् तथा विलोक्य अंजसा वेगेन संश्रयति आश्रयति स पुमान् हहा इति खेदे मुक्ति-पथं मुक्तिमार्गं मुक्त्वा भ्रांत्या भ्रमेण दुर्गं दुःखेन गमनार्हं वनं प्रविशति तद्वनम् अत्यन्तम् अन्तमतिक्रान्तम् अप्रमाणमित्यर्थः । कथंभूतः सः ? अचारुबद्धवसतिः न चारुरचारुः बद्धा वसतिर्येन सः । येन वनं प्रविशता पुरुषेण अत्र वने कष्टं किं न प्राप्यते । कस्माद् रागादिभिश्चौरैर्धर्मधनापहारकरणात् । धर्म एव धनं

धर्मधनं तस्यापहारः हरणं तस्य करणं तस्मात्। चौरा हि धनमपहृत्य वनं प्रविशन्ति तदा कष्टं स्पष्टमेव। तत्र वदनं कथं वनमिति प्रश्ने—यः साधुः अदं न विद्यते दकारो यस्मिन् तद् अदम् ॥ दकाररहितं वदनं वनं स्यादेव ॥ ११ ॥

अर्थ—जो संयमी पुरुष कामिनी के सुन्दर दन्तयुक्त मुख को देखकर शीघ्रता से आकर्षित होता है। खेद है कि वह मुक्तिपथ से च्युत होकर भ्रमवश भयानक वन में प्रवेश करता है। वह वन अत्यन्त प्रमाणरहित-निर्जन है, जिसमें निवास करने वाले रागादि चोरों द्वारा धर्मरूपी धन का हरण हो जाता है अर्थाद् जीवन में कष्टों की शृंखला आरम्भ हो जाती है ॥ ११ ॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत श्लोक में कवि कहता है कि तरूणी के मुख-मण्डल अथवा उसके सुन्दर दन्तावलियों को देखने में जो संयमी लीन होता है तो समझना चाहिए कि उसने मोक्षमार्ग से भ्रष्ट होकर भयंकर वन का रास्ता पकड़ लिया। कवि आगे कहता है कि उस भयंकर वन में रहने वाले रागादि लुटेरें उस मोक्ष पथिक के पास रहे-सहे धर्मधन का भी हरण कर लेते हैं और उसे निर्धन बना देते हैं। भला ऐसी स्थिति में सुख कहाँ !

यियाससि भवोदधेर्यदि तटं तदेणी—
दृशामहीनमधरंधरं परिहरेः परं दूरतः ॥
इहास्फलनतोऽन्यथा विशदवासनानौ स्तव
व्रजिष्यति विशीर्णतां न भविता ततो वांछितम् ॥१२॥

हे पुमन्! यदि त्वं भवोदधेः संसारसमुद्रस्य तटं पार यियाससि यातुमिच्छसि ॥ यातेः सन्नंतान्मध्यमपुरुषैकवचनरूपम्। तदा एणीदृशाम् एणी हरिणी तस्या दृश इव दृशो यासां तास्तासाम् अधरं धरं पर्वतं दूरतो दूरात्परं त्वं परिहरेः। किंभूतमधरम्? अहीनं परिपूर्णम् अमृतादिना। अन्यथा यदि न परिहरसि तर्हि इह पर्वते आस्फलनतः संघट्टनात् तव विशदवासना निर्मलवासना स्तव नौः विशीर्णतां भंगतां व्रजिष्यति ततस्तद्वांछितं न भविता न भविष्यति, यथा समुद्रमध्ये पर्वतास्फलनान्नाविभग्नायां वांछितं न भवेत्तथेत्यर्थः। अधरं धरं कथमिति प्रश्ने उत्तरम्—अहीनम् एन अकारेण हीनम् अधरं धरं स्यादेव। सानुमान् पर्वतो धरः। धरः शैलस्तथोदय इति कोशः। पृथ्वीगुरुनाम छन्दः ॥ १२ ॥

अर्थ—हे पुरुष! यदि तू संसार सागर को पार करना चाहता है तो मृगनयनी तरुणी के अमृतपूरित अधररूपी धर अर्थात् पर्वत को दूर से

हो त्याग दे। अन्यथा इस पर्वत से टकराकर तेरी निर्मलबुद्धि रूपी नौका टूट जायेगी और तेरी हार्दिक इच्छा कभी पूरी नहीं होगी ॥ १२ ॥

विशेषार्थ—कवि संयमी को लक्ष्य करके कहता है कि हे मोक्षकामी पुरुष ! सुन्दर नेत्रों वाली तरुणी के अधर जो तुम्हें अमृतपूरित लग रहे हैं वे तुम्हारे मार्ग में पर्वत के समान बाधक हैं, वे बुद्धि को भ्रष्ट करने में उसी प्रकार समर्थ हैं जिस प्रकार समुद्र में पर्वत नौका को खण्डित करने में समर्थ होते हैं। अतः तू दूर से ही उसका त्याग कर दे।

न भातीदं भ्रातः स्फुरदरुणरत्नौघकिरण-
प्रतानं तन्वंग्यास्तरलतरलं कुण्डलयुगम् ॥
दमं दुग्धं पुंसामिह विरहसंयोगदशयो-
र्ज्वलच्छोकानंगज्वलनयुगिदं कुण्डयुगलम् ॥ १३ ॥

हे भ्रातस्तन्वंग्याः कृशांग्याः इदं कुण्डलयुगं कुण्डलस्य कर्णाभरणस्य युगं न भाति न शोभते। कथंभूतं कुण्डलयुगम् ? स्फुरदरुणरत्नौघकिरणप्रतानं स्फुरंतो देदीप्यमाना ये अरुणरत्नौघा रक्तरत्नसमूहास्तेषां ये किरणास्तेषां प्रतानं समूहो यस्मिस्तत्। पुनः कथंभूतं कुण्ड० ? तरलतरलं तरलाच्चंचलात्तरलं चंचलं चंचलतरमित्यर्थः। कथंभूतं कुंडलयुगलं विरहसंयोगदशयोः ? स्त्रीपुंसयोः संयोगाभावाद्विरहोत्पत्तिः, विरहश्च संयोगश्च विरहसंयोगौ तयोर्दशे अवस्थे तयोः। शोकानंगज्वलनयुक् शोकश्चानंगज्वलनश्च शोकानंगज्वलनौ ताभ्यां युग् विरहे शोकाविर्भावः। संयोगे कामाग्नेराविर्भाव इत्यर्थः। कुंडलयुगलं किं कुर्वन् ? इह संसारे पुंसां पुरुषाणां दममुपशमं दुग्धं पयः। ज्वलत्कुंडलयुगं कुण्डयुगलं कथं तत्रोच्यते—तरलतरलश्चंचलतरः लो लकारो यस्मिन्। कुंडशब्दाल्लकारे कुंडलयुगस्य चंचलत्वाद् युगशब्दात्परतः स्थिते सति कुंडयुगलं स्यादित्यर्थः ॥ शिखरिणी नाम छन्दः ॥ १३ ॥

अर्थ—हे भ्रात ! (इस) तरुणी का लाल रत्नों की किरणों से देदीप्यमान यह कुण्डल युगल अच्छा नहीं लगता। (क्योंकि) विरह और संयोग की अवस्था में पुरुषों के पौरुष का दमन करने वाले शोकाग्नि और कामाग्नि से जलते हुए ये दो कुण्ड हैं ॥ १३ ॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत स्थल में कवि स्त्री के कुण्डल की ओर आकर्षित होने वाले संयमी साधक को सावधान करते हुए कहता है कि जिसको

तुम सुन्दर कुण्डल युगल समझते हो वस्तुतः वह शोकाग्नि और कामाग्नि से जलते हुए कुण्ड हैं। अतः संयम के प्रति सर्वथा घातक हैं।

ताडकं सस्पृहं तस्याः
पश्यन्मूढ परे भवे ॥
नरो नरकपालेभ्य
स्ताडं कं न सहिष्यते ॥ १४ ॥

मूढो नरस्तस्याः स्त्रियाः सस्पृहं साभिलाषं यथा स्यात्तथा ताडकं कर्णभूषणं पश्यन् परे भवे आगामिभवे नरकपालेभ्यः नरकान् पालयन्ति ते नरकपालास्तेभ्यः परमाधार्मिकेभ्यः कं ताडं ताडनं ताडः आघातस्तं कं न सहिष्यते अपि तु सर्वं सहिष्यते ॥ अनुष्टुप् छन्दः ॥ १४ ॥

अर्थ—हे मूर्ख पुरुष ! लालसापूर्वक उस तरुणी के कर्णाभूषण को देखते हुए तू आगामी भव में क्या नरकपालों द्वारा दुःख नहीं सहेगा अर्थात् तुझे सब दुःख सहन करने पड़ेंगे ॥ १४ ॥

सारं गलं यमरविंदविलोचना-
मालोक्य चेतसि मुदं कलयन्ति मूढाः ॥
हा निश्चितं रचितमुक्तिपुरप्रवेश-
व्याषेधमर्गलममुं न विचारयन्ति ॥ १५ ॥

मूढाः मूर्खा नराः अरविन्दविलोचनानां कमलनयनानां स्त्रीणां यं सारं श्रेष्ठं गलं निगरणं विलोक्य ? चेतसि मुदं हर्षं कलयन्ति प्राप्नुवन्ति। हा इति खेदे निश्चितं नियमेन इमं गलम् अर्गलं न विचारयन्ति। कथंभूतम् अर्गलम् ? रचित-मुक्तिपुरप्रवेशव्याषेधं रचितो विहितो मुक्तिनगरप्रवेशस्य व्याषेधो निषेधो येन स तं रचित०, गलम् अर्गलं स्विच्छम्। सारम् अराऽर्शब्देन सह वर्त्तते यः स सार—स्तं सारम् अर्सहितो गलः अर्गलः स्यादित्यर्थः ॥ १५ ॥

अर्थ—मूर्ख व्यक्ति कमलनयनो तरुणियों को जीवन का सार मानकर मन में हर्षित होते हैं। खेद है कि (वे) मोक्ष नगर में प्रवेश का निषेध करने वाले के द्वारा रचित उस अर्गल अर्थात् साँकल का किञ्चिद् भी विचार नहीं करते ॥ १५ ॥

विशेषार्थ—प्रस्तुत स्थल में कवि संकेत करता है कि हे संयती ! यदि कहीं तुम ऐसा समझते हो कि सुन्दर तरुणियाँ ही संसार में सर्वश्रेष्ठ भोग्या हैं तो तुम्हारी भूल है, क्योंकि वे तो मोक्षनगर के दरवाजे में प्रवेश वर्जित करने वाली मजबूत अर्गला हैं। अतः वे संयती के लिए सर्वथा त्याज्य हैं।

अलं प्राप्य स्पर्शं कुचकलशयोः पंकजदृशां
परां प्रीतिं भ्रातः कलयसि सुधामग्न इव किम् ।।
अवस्कंदं धर्मक्षितिपकटके दातुमनसा
प्रयुक्तं जानीयाः कलुषवरटेन स्पर्शमिमम् ।।१६।।

पंकजदृशां कमलनयनानां स्त्रीणां कुचकलशयोः स्तनयोः अलम् अत्यर्थं स्पर्शं प्राप्य हेभ्रात किं परामुत्कृष्टां प्रीतिं कलयसि प्राप्नोषि । क इव ? सुधामग्न इव कृतमज्जन इव । इमं स्पर्शं कलुषवरटेन कलुषं पापं तदेव वरटो भिल्लस्तेन प्रयुक्तं प्रेरितं स्पर्शं हेरिकं त्वं जानीयाः । कथंभूतेन कलुषवरटेन ? धर्मक्षितिपकटके धर्म्म एव क्षितिपो राजा तस्य कटके सैन्ये । अवस्कंदं प्रहरणं दातुमनसा प्रहरणं कर्त्तुमनसेत्यर्थः स्पर्शं स्पर्शं कथमिति । अलं रलयोश्चैकत्वस्मरणाद् अरं नास्ति रो रेफो यत्र तम् अरम् । रेफरहितस्पर्शं स्पर्शं स्यादित्यर्थः ।।१६।।

अर्थ—हे बन्धु ! कमलनयनी कामिनी के स्तनयुगलों का यथेच्छ स्पर्श प्राप्त कर आकण्ठ अमृत पान किये हुए (व्यक्ति) की भाँति क्यों अत्यधिक हर्षित होते हो ? इन स्तन कलशों जिन्हें तुम अमृत कलश के समान समझते हो, को वस्तुतः धर्मरूपी राजा की सेना पर प्रहार की इच्छावाले पापरूपी शिकारी के द्वारा प्रयुक्त गुप्तचर जानो ।।१६।।

विशेषार्थ—यहाँ कवि संकेत करता है कि धर्माचारी को यौवना के स्तन-द्वय के स्पर्श को जीवन का उद्देश्य नहीं बना लेना चाहिए। क्योंकि इन्द्रियों की पराधीनता में पथ भ्रष्ट होने का महान् भय है। कवि ने इस विषय में धर्म को राजा की सेना और कुचद्वय को पापरूपी शत्रु के गुप्तचर का रूप बताया है।

पीनोन्नतं स्तनतटं मृगलोचनाया
